# कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit www.nagarnigamrudrapur.com
दूरभाष– 05944-242400

पत्रांकः–. 1183 /सा0नि0अनु0/नि0सू0/2025–26

दिनांक– 14/08/25

## "निविदा सूचना"

नगर निगम रूद्रपुर में वर्ष 2025–26 में सिविल निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा 48 विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 01.09.25 को अपरान्ह 01:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें दिनांक 02.09.25 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से निविदा समिति या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। इच्छुक ठेकेदार/फर्म निर्धारित दिनांक एवं समय तक अपनी–अपनी सीलबन्द निविदायें कार्यालय नगर नि॰म, रूद्रपुर में निविदा पेटी में डाल सकते हैं। निविदा प्रपत्र नगर निगम कार्यालय निर्माण अनुभाग के कक्ष संख्या 23 से दिनांक 18.08.25 से दिनांक 30.08.25 तक (राजकीय अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निविदा शुल्क जमा कर क्रय कर सकते हैं। अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है। निविदा की समस्त जानकारी एवं शर्तें नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com से तथा विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर से प्राप्त की जा सकती है।

(नरेश चन्द्र दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।

(विकास शर्मा)
महापौर,
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।

पत्रांकः–. /सा0नि0अनु0/नि0सू0/2025–26 दिनांक–

प्रतिलिपिः–_निम्नांनुसार नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

6. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधम सिंह नगर।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
8. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
9. श्री कमल तिवारी, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार निविदा सूचना को नगर निगम की वेबवाईट के माध्यम से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।
10. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला व हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में न्यूनतम 30 प्रतिशत छूट देते हुए समाचार पत्र दिनांक 15.08.2025 के अंक में 6'X8' साईज में प्रकाशित करते हुए समाचार पत्र की 02 प्रतियां इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

प्र0 अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।



Scanned with OKEN Scanner

# निर्माण कार्यों हेतु निविदा शर्तें

1. निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदादाता को नगर निगम रूद्रपुर में वर्ष 2025–26 में सिविल निर्माण कार्यों हेतु ठेकेदारी पंजीकरण होना आवश्यक होगा तथा निविदा के साथ पंजीकरण के प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
2. निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ जी0एस0टी0 अदेयता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्रों का लिफाफा सीलबन्द होना अनिवार्य है। स्टेपल पिन से बन्द किये गये निविदा लिफाफों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ कार्य के सापेक्ष शेड्यूल–बी के अनुसार धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो कि नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर के पदनाम से बन्धक हो, प्रत्येक कार्य की अलग–अलग मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
5. किसी भी प्रकार की सशर्त/अपूर्ण निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
6. प्राप्त निविदाओं में से किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर में निहित है।
7. निविदा प्रपत्र नगर निगम कार्यालय से सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समयानुसार निविदा शुल्क जमाकर क्रय किये जा सकते हैं।
8. निविदा प्रक्रिया हेतु निर्धारित की गई तिथियों में कोई राजकीय अवकाश होने की दशा में उक्त तिथि की प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में की जायेगी।
9. निर्धारित श्रेणी के अन्तर्गत दी गई निविदा ही मान्य होंगी श्रेणी से इतर दी गई निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
10. निविदा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप में कार्य संख्या व कार्य का नाम एवं ठेकेदार/फर्म का नाम एवं ठेकेदार/फर्म की श्रेणी अंकित करना अनिवार्य होगा एवं निविदा दरों में ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगी तथा कटिंग में हस्ताक्षर किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा ऐसी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. प्रतिशत आधारित निविदाओं की दरें शब्दों व अंको दोनों अवस्थाओं में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा निविदा दरें दशमलव बिन्दु के दो अंको/स्थान तक ही मान्य होंगी अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी।
12. दरें आधारित निविदा के प्रत्येक मद की दर, प्रत्येक मद हेतु निर्धारित स्थान पर ही अंकित की जायें।
13. निविदा दर प्राक्कलन की धनराशि से कम दरों पर प्राप्त होने की दशा में G.P.W-9 के clause सी 3 के अनुसार निर्धारित Additional Performance Security ठेकेदार द्वारा द्वितीय पक्ष को जमा कराई जायेगी जो कि कार्य समाप्ति पर अन्तिम बिल भुगतान के उपरान्त कार्य संतोषजनक होने पर अवमुक्त की जायेगी।
14. सफल निविदादाता संविदा करते समय संविदा मूल्य का 05 प्रतिशत कार्यपूर्ति अथवा परफॉर्मेन्सगारण्टी और 05 प्रतिशत संविदा मूल्य का प्रतिभूति निक्षेप करेगा। निविदादाता की इच्छा पर पूर्व में जमा की गई (ई.एम.डी.) धरोहर धनराशि को कार्यपूर्ति गारण्टी प्रतिभूति निक्षेप में परिवर्तित कर सकता है बशर्ते की धरोहर धनराशि की वैधता अवधि होनी चाहिए।
15. ठेकेदार को निविदा प्रपत्र के साथ रु0 100.00 का गैरन्यायिक स्टाम्प पेपर में रू0 1.00 का रसीदी टिकट चस्पा कर हस्ताक्षर सहित निविदा की वैद्यता अवधि इंगित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
16. स्वीकृत कार्य में खुदाई से निकलने वाली मिट्टी, पुरानी टाईल्स व पुरानी ईंट, लोहे का जाल इत्यादि पुरानी सामग्री को नगर निगम में जमा कराना आवश्यक होगा। ठेकेदार द्वारा उक्त का प्रयोग करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जायेगी एवं अन्तिम भुगतान बिल से उसकी कटौती की जायेगी।
17. स्वीकृत कार्य को नगर निगम रूद्रपुर मे कार्यरत अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता की उपस्थिति में प्रारम्भ करना होगा तथा उनके निर्देशों के अनुसार पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा। कार्य में कोई कमी पाये जाने पर उक्त कमी निश्चित अवधि में सही करने के लिए ठेकेदार को नोटिस दिया जायेगा, यदि ठेकेदार उक्त समयावधि में कमियां दूर करने में असफल होता है तो नगर निगम को यह अधिकार होगा कि किसी अन्य ठेकेदार से कार्य सही करवा ले। कार्य की लागत की कटौती प्रथम ठेकेदार के बिल से कर ली जायेगी।
18. निविदा समिति की स्वीकृति उपरान्त सफल निविदादाता को एक सप्ताह के अन्दर कार्य के सापेक्ष अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करते हुए अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात सम्बन्धित निविदादाता की 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि जब्त कर दी जायेगी।
19. सम्पादित कार्य के बिलों के भुगतान में से जमानत धनराशि, रॉयल्टी एवं अन्य आवश्यक कटौतियां नियमानुसार कर ली जायेंगी तथा जी.एस.टी विभाग द्वारा नियमानुसार देय होगा।
20. निर्माण कार्य मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री की रॉयल्टी जमा करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी तथा इस आशय के अभिलेख कार्यालय मे जमा करने अनिवार्य होंगे। अभिलेख जमा न करने की स्थिति में रॉयल्टी की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से कर ली जायेगी।



Scanned with OKEN Scanner

21. ठेकेदार कार्य को अनुबन्ध की समयावधि में पूर्ण नहीं करता है, तो उसके विरूद्ध शासनादशों के अनुक्रम में भुगतान बिल से कटौती की जायेगी। जिसमें ठेकेदार को कोई आपत्ति नहीं होगी।
22. यदि शासन द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार के अन्य अतिरिक्त करों का आरोपण किया जाता है, तो उसकी कटौती भुगतान बिल से की जायेगी। जिसमें ठेकेदार की पूर्व अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं होंगी।
23. कार्य संतोषप्रद ढंग से पूर्ण होने के पश्चात कार्य की Defect Liability Period ( 01 वर्ष ) के बाद तकनीकी अधिकारी द्वारा कार्य सन्तोषजनक होने की संस्तुति उपरान्त ठेकेदार को नियमानुसार सिक्योरिटी डिपोजिट की धनराशि वापिस लौटा दी जायेगी।
24. ठेकेदार/फर्म को कार्य का भुगतान धन उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा तथा बिल भुगतान में विलम्ब होने पर किसी भी प्रकार का ब्याज/अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।
25. ठेकेदार का दायित्व होगा कि वह कार्य पूर्ण होने पर कार्यस्थल को साफ सुथरे रूप में विभाग को हस्तांतरित करना आवश्यक होगा।
26. कार्य के मध्य किसी मजदूर आदि के साथ कोई दुर्घटना घटती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इस हेतु नगर निगम किसी भी रूप मे जिम्मेदार नहीं होगा।
27. अपरिहार्य स्थितियों में ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय पर कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो निर्धारित समय से पूर्व समय वृद्धि हेतु परिस्थिति का विशेष उल्लेख करना होगा तथा उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित अवधि को बढ़ाए जाने का अधिकार केवल 02 माह तक अधिशासी अभियन्ता नगर निगम रूद्रपुर को होगा। यदि उक्त समयावधि बढ़ाए जाने के उपरान्त भी उक्त कार्य ठेकेदार द्वारा पूर्ण नहीं किया जाता है, तो परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए 02 माह से अधिक का समय नगर आयुक्त को स्वविवेक से बढ़ाने का अधिकार होगा।
28. ठेकेदार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत अथवा पुनः समयावधि बढ़ाए जाने पर भी कार्य पूरा नहीं करता है, अथवा छोड़ देता है तो नगर आयुक्त को अधिकार होगा कि वह सम्बन्धित ठेकेदार का ठेका रद्द करते हुए धरोहर धनराशि व जमानत धनराशि को जब्त कर लें तथा ठेकेदार को आगामी 03 (तीन) वित्तीय वर्षो हेतु काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।
29. निविदादाता को कार्यादेश जारी होने के उपरान्त 01 सप्ताह के अन्दर नगर निगम के तकनीकी अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य प्रारम्भ करना अनिवार्य होगा एवं कार्यस्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व के फोटोग्राफ एवं कार्य प्रारम्भ, मध्य व कार्य समाप्ति के समय के रंगीन फोटोग्राफ अवर अभियन्ता नगर निगम रूद्रपुर से निरीक्षण कराते हुए प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
30. ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ करते समय प्रयुक्त निर्माण सामग्री के सैम्पल जॉच किसी मान्यता प्राप्त लैब (प्रयोगशाला) से कराना आवश्यक होगा तथा सैम्पल की जॉच रिर्पोट नगर निगम में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। जिसका व्यय निगम द्वारा अनुमोदित दरों पर विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।
31. पक्षों में विवाद की दशा में मामला जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर के पास पंच निर्णय हेतु भेजा जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पारित निर्णय दोनों पक्षों को अन्तिम रूप से मान्य होगा।

नोट–समस्त निविदादाता उपरोक्त शर्तों का अक्षरशः अध्ययन कर उसका पालन सुनिश्चित करें अन्यथा स्थिति में उनके द्वारा दी गई निविदा निरस्त की जायेंगी जिस हेतु उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र0 अधिशासी अभियन्ता<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | (जुबके मोहन सक्सेना)<br>वरिष्ठ वित्त अधिकारी<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | (नरेश चन्द्र दुर्गापाल)<br>नगर आयुक्त<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | (विकास शर्मा)<br>महापौर<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। |

Scanned with OKEN Scanner

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन राशि (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0–01 शिमला बहादुर गली न0 4 भटनागर जी के घर से चौहान जी के घर तक व बीच में दीपक ढाढा जी के घर तक रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य। | 1938000.00 | 38760 | 1770.00 | 05 माह |
| 2 | वार्ड नं0–01 वनखण्डी रोड़ के प्रारम्भ में पानी निकासी हेतु नाले का निर्माण एवं सड़क के मध्य में ह्यूम पाईप डालने का कार्य। | 1259000.00 | 25180 | 1770.00 | 04 माह |
| 3 | वार्ड नं0 02 समुन्द्री देवी के घर से पंकज अधिकारी के घर तक रोड़ बनाये जाने का कार्य। | 727000.00 | 14540 | 1180.00 | 04 माह |
| 4 | वार्ड नं0 03 ए–ब्लॉक में श्री बाबू घोष के घर से देवाशिष चक्रवर्ती (कन्हाई जी) के घर तक सी.सी. रोड एवं दोनों तरफ नाली का निर्माण कार्य। | 1104000.00 | 22080 | 1770.00 | 04 माह |
| 5 | वार्ड नं0 04 ट्रांजिट कैम्प में आई ब्लाक मछली बाजार से मिथुन जी के घर होते हुये विधान दास जी के घर से किरन सरदार के घर तक दोनों तरफ नाली एवं सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 1155000.00 | 23100 | 1770.00 | 04 माह |
| 6 | वार्ड नं0 05 डॉ0 गोपाल के घर से कन्हाई मलिक तक सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य। | 449000.00 | 8980 | 590.00 | 04 माह |
| 7 | वार्ड नं0 05 में पवन कुमार के घर से सक्षम के घर तक सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य। | 495000.00 | 9900 | 590.00 | 04 माह |
| 8 | वार्ड नं0 05 में श्यामरंग के घर से गौरमंडल के घर तक सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य। | 492000.00 | 9840 | 590.00 | 04 माह |
| 9 | वार्ड नं0 06 न्यू शक्ति विहार कालोनी में लोकेश शर्मा के घर से गोविन्द ठाकुर के घर तक सी0सी मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य। | 1069000.00 | 21380 | 1770.00 | 04 माह |
| 10 | वार्ड नं0 07 अमित के घर से बण्टी के घर तक सी0 सी0 रोड़ व नाली निर्माण कार्य। | 1073000.00 | 21460 | 1770.00 | 04 माह |
| 11 | वार्ड नं0 08 में द्वीप क्लीनिक से कमलेश के घर तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य । | 1030000.00 | 20600 | 1770.00 | 04 माह |
| 12 | वार्ड नं0 09 नेतराम राठौर के घर से गोविन्द राम के घर तक सड़क निर्माण कार्य। | 1287000.00 | 25740 | 1770.00 | 04 माह |
| 13 | वार्ड नं0 10 मुकेश कुमार रस्तोगी के घर से मंजू मौर्या के घर तक सड़क निर्माण कार्य। | 749000.00 | 14980 | 1180.00 | 04 माह |
| 14 | वार्ड नं0 11 संजयनगर की टूटी हुई सड़कों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 1100000.00 | 22000 | 1770.00 | 04 माह |
| 15 | वार्ड नं0 12 सन्दीप के घर से राधा मौर्या के घर के पास पुलिया तक सड़क निर्माण कार्य। | 1216000.00 | 24320 | 1770.00 | 04 माह |
| 16 | वार्ड नं0 13 खेड़ा पूर्वी में श्री गणेश पाल के घर से लेकर कादरी मस्जिद के गेट नं0 02 तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 885000.00 | 17700 | 1180.00 | 04 माह |
| 17 | वार्ड नं0 14 भदईपुरा में हरपाल गंगवार के घर से बंगाली मन्दिर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य । | 1544000.00 | 30880 | 1770.00 | 05 माह |
| 18 | वार्ड नं0 15 शेर मुहम्मद के घर से शकील भाई के घर तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 1219000.00 | 24380 | 1770.00 | 04 माह |
| 19 | वार्ड न0 16 शांति कालोनी में तेजपाल के घर से धर्मेन्द्र चन्द्रा के घर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1884000.00 | 37680 | 1770.00 | 05 माह |
| 20 | वार्ड न0 17 रामचन्द्र यादव के घर से साबिर खान के घर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 1626000.00 | 32520 | 1770.00 | 05 माह |
| 21 | वार्ड न0 18 मौ0 आजम के घर से सरफुद्दीन के घर तक रोड़, नाली व पुलिया निर्माण कार्य | 1078000.00 | 21560 | 1770.00 | 04 माह |
| 22 | वार्ड न0 18 मौ0 अली के घर से शरीफ अहमद के घर तक रोड, नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 450000.00 | 9000 | 590.00 | 04 माह |
| 23 | वार्ड न0 19 में किच्छा बाईपास रोड से श्री राजेश मोहन जौहरी के मकान से होते हुये श्री पतिराम के मकान तक सी0सी0 रोड व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 1661000.00 | 33220 | 1770.00 | 05 माह |
| 24 | वार्ड न0 20 बबलू के मकान से गुड्डु सूफी के मकान तक सी सी रोड़ एवं नाली के निर्माण कार्य। | 519000.00 | 10380 | 1180.00 | 04 माह |
| 25 | वार्ड न0 20 कदीर खान के मकान से अफसर अहमद के मकान तक सी0सी0 रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य। | 959000.00 | 19180 | 1180.00 | 04 माह |
| 26 | वार्ड न0 21 रम्पुरा में शिव कुमार शर्मा के घर से लालता प्रसाद दिवाकर (प्रेस वाले) के घर तक सी0सी0 सड़क एवं दोनों तरफ नालिया एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 769000.00 | 15380 | 1180.00 | 04 माह |
| 27 | वार्ड न0 21 रम्पुरा सलीम डिपों के घर से अनिल कोली के घर नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 541000.00 | 10820 | 1180.00 | 04 माह |
| 28 | वार्ड न0 22 लीलाधर के घर से विक्की के घर तक सी0 सी0 रोड़ व नाली निर्माण कार्य। | 1305000.00 | 26100 | 1770.00 | 04 माह |
| 29 | वार्ड नं0 23 में रामचरन जी के घर से मिथलेश जी के घर से होते हुए उषा जी के घर तक सी0सी0 सड़क व नालियों का निर्माण कार्य। | 795000.00 | 15900 | 1180.00 | 04 माह |
| 30 | वार्ड नं 23 रम्पुरा में चौरासी घण्टा मन्दिर की मरम्मत का कार्य। | 447000.00 | 8940 | 590.00 | 04 माह |
| 31 | वार्ड नं 24 रम्पुरा में कोमिल कारीगर के घर से सत्यपाल के घर तक दोनों तरफ नाली का निर्माण कार्य। | 336000.00 | 6720 | 590.00 | 04 माह |
| 32 | वार्ड नं 25 विराट मेडिकल से देवेन्द्र रस्तोगी के घर तक नव निर्मित रोड़ और नाली के बीच मे दोनों साइड ईन्टर लॉकिंग टाईल्स लगाये जाने का कार्य। | 1782000.00 | 35640 | 1770.00 | 05 माह |

Khiwari

वरिष्ठ वित्त अधिकारी

नगर आयुक्त
नगर निगम रुद्रपुर

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | वार्ड न0–26 सीर गोटिया में महबूब खॉ के घर से हसीन खॉ के घर तक नाली सहित सी०सी० रोड़ निर्माण कार्य। | 766000.00 | 15320 | 1180.00 | 04 माह |
| 34 | वार्ड न0–26 में रोजी के घर से ओम ट्रेडर्स की तरफ कोलम्बस पब्लिक स्कूल के पास सी0सी0 रोड़ का निर्माण कार्य। | 668000.00 | 13360 | 1180.00 | 04 माह |
| 35 | वार्ड न0–26 सीर गोटिया में पप्पू खॉ के घर से लेकर शाबुद्दीन के घर तक नाली सहित सी०सी० रोड़ का निर्माण कार्य। | 650000.00 | 13000 | 1180.00 | 04 माह |
| 36 | वार्ड नं0 27 गॉधी कालौनी में दक्षिणेश्वर हनुमान मन्दिर के समीप सामुदायिक भवन का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 1591000.00 | 31820 | 1770.00 | 05 माह |
| 37 | वार्ड नं 28 सुभाष कालोनी में शिव मंदिर के सामने वाली गली का निर्माण (सी0सी0 व नाली) कार्य। | 361000.00 | 7220 | 590.00 | 04 माह |
| 38 | वार्ड नं 29 आदर्श कालौनी में धर्मेन्द्र सिंह के घर से आरिफ के घर तक सी0सी0 सड़क व पुलिया निर्माण कार्य। | 1550000.00 | 31000 | 1770.00 | 05 माह |
| 39 | वार्ड नं 30 में नीलकण्ठ मन्दिर के पास वाली गली गुजराती कालौनी में पुलिया व नाली निर्माण कार्य। | 327000.00 | 6540 | 590.00 | 04 माह |
| 40 | वार्ड नं 30 रस्तोगी राजमा चावल वाली गली व नाली निर्माण कार्य। | 815000.00 | 16300 | 1180.00 | 04 माह |
| 41 | वार्ड नं 31 ईश्वर कालौनी में अशोक चौधरी के घर से देव ऋषि शर्मा जी के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण कार्य। | 1771000.00 | 35420 | 1770.00 | 05 माह |
| 42 | वार्ड नं0 34 गली नं0 01 से लेकर गली नं0 06 तक कट नाली सड़क का पुनः निर्माण कार्य। | 324000.00 | 6480 | 590.00 | 04 माह |
| 43 | वार्ड नं0 34 स्थित विद्या मन्दिर से लेकर सिंह कालोनी तक बने डिवाइडर का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 623000.00 | 12460 | 1180.00 | 04 माह |
| 44 | वार्ड नं0 35 इन्द्रा कालौनी में गौरंग विश्वास के मकान से सपन अधिकारी के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 1145000.00 | 22900 | 1770.00 | 04 माह |
| 45 | वार्ड नं0 36 आदर्श इन्द्रा कालौनी (घास मण्डी) में विजयपाल एडवोकेट के घर से चर्च तक डिवाइडर व एक तरफ नाला निर्माण कार्य। | 1467000.00 | 29340 | 1770.00 | 04 माह |
| 46 | वार्ड नं0 37 दरियानगर में मुख्य मार्ग के नाले का निर्माण कार्य। | 1680000.00 | 33600 | 1770.00 | 04 माह |
| 47 | वार्ड नं0 39 में सुशीला पार्क के सौन्दर्यीकरण एवं पार्क की दीवारों का जीर्णोद्धार का कार्य। | 1847000.00 | 36940 | 1770.00 | 05 माह |
| 48 | वार्ड नं0 40 सिडकुल मटकोटा फार्म के शिव मंदिर के पास छठ घाट निर्माण कार्य। | 1193000.00 | 23860 | 1770.00 | 04 माह |

Khuera
14/08/2025

14-08-2025

नगर आयुक्त
नगर निगम रुद्रपुर,
(ऊधम सिंह नगर)

...क मोहन ...सेना
वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम रुद्रपुर

Scanned with OKEN Scanner